# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 10.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिह सुक्खू ने अधिकारियों को आगामी सर्दी के मौसम के मद्देनजर बिजली की खरीद के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी होने के कारण नदियों में पानी का बहाव कम होने से बिजली उत्पादन घट जाता है ऐसे में पहले से योजना बनाकर किफायती दरों पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है।

### उप–मुख्यमंत्री

उपमुंख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार पारम्परिक खेलों और कुश्ती की समृद्ध विरासत को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध है। ऊना ज़िला में हरोली उपमंडल के सिंगा गांव में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि खेलों से युवा पीढ़ी में अनुशासन, जोश और समपर्ण की भावना मजबूत होती है। इस मौके पर उन्होंने सिंगा गांव में पटवारखाना खोलने की घोषणा भी की।

### जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि एचपीपीसीएल के इंजीनियर विमल नेगी की मौत से सुक्खू सरकार के तार बहुत गहरे जुड़े हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि ये पहला मामला है जहां एक चीफ इंजीनियर की मौत के मामले की जांच में सरकार सहयोग करने की बजाए जांच को बाधित करने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश पुलिस के अधिकारी न सिर्फ सीबीआई पर उंगली उठाकर पुलिस की साख दाव पर लगा रहे हैं बल्कि उच्च न्यायालय पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं क्योंकि ये जांच उच्च न्यायालय की देख रेख में चल रही है।

### सम्मेलन

68वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में कल शुरू हुआ। सम्मेलन में 56 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है जो अपने सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। सम्मेलन के दौरान वे आज तीन अलग–अलग विषयों पर अपना संबोधन देंगे।

### करवा चौथ

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार मनाया जा रहा है। आज के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवा चौथ को लेकर उत्साहित महिलाओं का कहना है कि इस

त्यौहार का उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है । कल महिलाओं ने करवा चौथ के लिए जमकर खरीदारी की।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिदंल ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतीराज चुनाव को स्थगित करने संबंधी निर्णय को जन विरोधी करार दिया है। एक ब्यान ने उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी असल में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व यानि मतदान को हानि पहुंचाने का कार्य कर रही है। बिंदल ने कहा कि यदि पंचायत चुनाव होंगे तो कांग्रेस बुरी तरह पराजित होगी।

रैली

3 दिसवीय रैली ऑफ़ हिमालया आज मनाली से शुरू हुई। विधायक भुवनेश्वर गॉड ने 15 मील में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे देश भर के करीब एक सौ 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।